तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **श्रीमोहन माली** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353251045194383	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
15/04/26	अपीलार्थी श्रीमोहन माली निवासी एस/ओ रामसिंह, कांटे के पास, मंडरायल रोड रंगमां ताल, करौली द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 20.02.2026 वर्ष 2016 से चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत कार्मिक की पदोन्नति हेतु योग्यता के संबंध में विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट 415 दिनांक 24. 03.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा चाही गई सुचना कार्यालय हाजा के पत्र दिनांक 13.03.2026 द्वारा ऑनलाईन उपलब्ध करवा दी गई है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
21593837
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Alok Ranjan
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2026.04.15 15:34:42 IST
Reason: Approved